# UP Police Constable 25 Aug 2024 2nd Shift Question Paper

1. चरण-कमल बन्दौं हरि राई में कौन-सा अलंकार है ?
   (A) उपमा (B) रूपक (C) अतिशयोक्ति (D) श्लेष

2. निम्न में से कौन-सा शब्द 'गौ' का अर्थ नहीं है ?
   (A) नदी (B) इन्द्रिय (C) गज (D) गाय

3. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है :
   (A) जगाना (B) पढ़ना (C) बदलना (D) चलना

4. 'अमित-अमीत' शब्द युग्म का सही अर्थ है :
   (A) शत्रु-मित्र (B) पर्याप्त-अधिक (C) अधिक-न्यून (D) बहुत-शत्रु

5. 'यदि बारिश होती तो सूखा ना पड़ता' - इस वाक्य में काल का कौन सा रूप है?
   (A) हेतुहेतुमद भविष्य (B) संभाव्य भविष्य (C) हेतुहेतुमद भूतकाल (D) संदिग्ध भूतकाल

6. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए।
   (A) वह एक विदुषी महिला थी। (B) विदुषी महिला थी वह।
   (C) वह एक विद्वान महिला थी। (D) वह एक महिला विद्वान थी।

7. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस भाषा से संबंधित है ?
   (A) संस्कृत से
   (B) तमिल से
   (C) संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं से
   (D) हिन्दी से

8. वह कौन-सा समास है जिसका उत्तर पद प्रधान होता है, किन्तु प्रथम पद द्वितीय पद की विशेषता बतलाता है?
   (A) तत्पुरुष समास (B) कर्मधारय समास (C) बहुव्रीहि समास (D) अव्ययीभाव समास

9. 'जिसकी तुलना न की जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा :
   (A) अतुलनीय (B) अन्यमनस्क (C) तुलनीय (D) अनुपम

10. इ, ई, उ, ऊ किस प्रकार के स्वर हैं?
    (A) अर्द्धसंवृत (B) विवृत (C) अर्द्धविवृत (D) संवृत

11. 'गो' शब्द का वचन पहचानिए।
    (A) एकवचन (B) बहुवचन (C) सदा एकवचन (D) सदा बहुवचन

12. 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ है :
    (A) छल - कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
    (B) लकड़ी का बर्तन आग से जल सकता है
    (C) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
    (D) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते

13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का कौन-सा कारक है?
    'अनुज की किताब मेज पर है।'
    (A) अपादान कारक (B) संबोधन कारक (C) अधिकरण कारक (D) संबंध कारक

14. 'मंदिर-मंदिरा' युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन-सा होगा ?
    (A) घर-सवारी (B) गुफा-बड़ा गुफा (C) देवालय-अश्वशाला (D) पूजाघर-पुजारी

15. 'अचल' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है?

(A) जन्म से (B) स्थान (C) धुरी (D) पर्वत और स्थिर

16. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) विप्र (B) व्योम (C) हय (D) दृग

17. 'हेडमास्टर' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(A) हे (B) ह (C) हेडम (D) हेड

18. वरिष्ठ साहित्यकार काशीनाथ सिंह को उनकी कृति 'रेहन पर रग्घू' के लिए किस सम्मान से सम्मानित किया गया?

(A) कथा सम्मान (B) राजभाषा सम्मान (C) शरद जोशी (D) साहित्य अकादमी

19. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(A) आम (B) आग (C) आसरा (D) आलस्य

20. श्याम को पुस्तक पढ़नी है। यह किस वाच्य में है ?

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्तृ और कर्मवाच्य (C) कर्मवाच्य (D) भाववाच्य

21. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर नहीं है?

(A) उ (B) ए (C) ञ (D) अ

22. प्रत्यंग किस समास का उदाहरण है?

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु (C) द्वंद्व (D) अव्ययीभाव

23. 'आंशिक' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) क (B) इक (C) शिक (D) अ

24. 'यामा' के रचयिता हैं :

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) महादेवी वर्मा

(C) मीराबाई (D) सुमित्रानंदन पंत

25. 'प्रेरणा स्टूडियो जाएगी' – में काल का भेद बताइए।

(A) सामान्य भविष्यत् काल (B) सम्भाव्य भविष्यत् काल

(C) अपूर्ण वर्तमानकाल (D) सामान्य वर्तमानकाल

26. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(A) सार (B) रूप (C) आय (D) विवाद

27. 'कल कानन कुंडल मोर पखा, उर पे बनमाल बिराजति हैं।'
इस काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(A) रूपक (B) यमक (C) श्लेष (D) अनुप्रास

28. निम्नलिखित में से अर्द्धविराम का चिह्न कौन-सा है?

(A) (_) (B) (-) (C) (;) (D) (:-)

29. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) परशुराम के क्रोधाग्नि ने क्षत्रियों को जला दिया। (B) वृक्षों पर कोयल कूक रही है।

(C) खेतों में लम्बे-लम्बे घास उग आए। (D) गलियों को चौड़ा करना आवश्यक है।

30. 'कामायनी' के रचनाकार है :

(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(C) महादेवी वर्मा (D) जयशंकर प्रसाद

31. अरे! उसने तो कमाल कर दिया। वाक्य है :

(A) निषेधवाचक (B) विस्मयवाचक (C) इच्छावाचक (D) प्रश्नवाचक

32. 'मौन' का विलोम शब्द है :

(A) मौखिक (B) मयंक (C) विकार (D) मुखर

**[ प्र. सं. 33 से 37 गद्यांश प्रश्न ]** इतिहास के आरंभ के साथ ही भारत ने अपनी अंतहीन खोज प्रारंभ की और न जाने कितनी ही सदियाँ इसकी भव्य सफलताओं से भरी हुई है। चाहे अच्छा वक्त हो या बुरा, भारत ने कभी इस खोज से अपनी दृष्टि नहीं हटाई और कभी भी अपने उन आदर्शों को नहीं भूला जिसने इसे शक्ति दी। आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है। आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, वो महज एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का। इससे भी बड़ी उपलब्धियाँ हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं। क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमत्ता है कि, हम इस अवसर को समझें और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें ? भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएंगे, उसे पूरा कर सकें। भारत की सेवा का अर्थ है लाखों करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना, बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि, हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ। शायद यह हमारे लिए संभव न हो पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा। और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा और कठिन परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें। वो सपने भारत के लिए हैं पर साथ ही वे पूरे विश्व के लिए भी हैं। आज कोई खुद को बिल्कुल अलग नहीं सोच सकता, क्योंकि सभी राष्ट्र और लोग एक दूसरे से बड़ी निकटता से जुड़े हुए हैं। शांति को अविभाज्य कहा गया है, इसी तरह स्वतंत्रता भी अविभाज्य है। समृद्धि भी और विनाश भी। अब इस दुनिया को छोटे-छोटे हिस्सों में नहीं बाँट जा सकता है। भारतवर्ष की जनता से जिसके हम प्रतिनिधि हैं, अपील ये करते हैं कि वे आस्था एवं विश्वास के साथ इस अभियान से जुड़ें। अभी तुच्छ आलोचना, वैमनस्य अथवा दूसरों पर दोषारोपण का समय नहीं है। हमें स्वतंत्र भारत का महान निर्माण करना है जहाँ उसके सारे बच्चे रह सकें। आज नियत समय आ गया है, एक ऐसा दिन जिसे नियति ने तय किया था और एक बार फिर वर्षों के संघर्ष के बाद भारत जागृत व स्वतंत्र खड़ा है। कुछ हद तक अभी भी हमारा भूत हमसे चिपका हुआ है, और हम अक्सर जो वचन लेते रहे हैं उसे निभाने से पहले बहुत कुछ करना है। पर फिर भी निर्णायक बिन्दु अतीत हो चुका है, और हमारे लिए एक नया इतिहास आरंभ हो चुका है, एक ऐसा इतिहास जिसे हम गढ़ेंगे और जिसके बारे में लोग लिखेंगे। ये हमारे लिए एक सौभाग्य का क्षण है, एक नए तारे का उदय हुआ है, पूरब में स्वतंत्रता का सितारा। एक नई आशा का जन्म हुआ है, एक दूरदृष्टिता अस्तित्व में आई है। काश, ये तारा कभी अस्त न हो और यह आशा कभी धूमिल न हो।

33. गद्यांश के अनुसार, अपने सपनों को साकार करने के लिए हमें क्या करना होगा ?

(A) कार्य-योजनाएँ बनाते रहना होगा (B) अपार धन एकत्र करना होगा

(C) कठिन परिश्रम करना होगा (D) निरंतर सोचना होगा

34. गद्यांशकार की पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की क्या महत्वाकांक्षा रही है ?

(A) एक बड़ा फ़िल्मकार बनना (B) एक महान गायक बनना

(C) हर एक आँख से आँसू मिटाना (D) एक महान संगीतकार बनना

35. भविष्य भारतवासियों के लिए :

(A) निरंतर प्रयास करने का है (B) भरपूर आनंद लेने का है

(C) संदेहात्मक है (D) आसान है

36. भारत ने अपनी अंतहीन खोज के दौरान क्या विस्मृत नहीं किया ?

(A) अपनी प्रभुता (B) अपना ईश्वर (C) अपने आदर्श (D) अपनी संपन्नता

37. 'भारत की सेवा' का तात्पर्य निम्न में से क्या नहीं है?

(A) गरीबी मिटाना (B) अज्ञानता एवं बीमारियों को मिटाना

(C) अवसर की असमानताओं को मिटाना (D) अपने नेताओं की सेवा करना

38. श्रीलंका की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है?

(A) यूरो (B) क्यात (C) रिंगित (D) रूपी

The national currency of Sri Lanka is :

(A) Euro (B) Kyat (C) Ringgit (D) Rupee

39. वर्ष 2021 में मार्च के अंत में प्रसारित 2000 रुपये के नोटों का मूल्य (रुपये ट्रिलियन में) क्या है?

What is the value (in INR trillion) of Rs. 2000 notes circulated at the end of March in the year 2021 ?

(A) 4.90 (B) 1.90 (C) 2.00 (D) 6.00

40. कौन सा देश अपने अनोखे ज्वालामुखी परिदृश्य के कारण भू-तापीय ऊर्जा के व्यापक उपयोग के लिए जाना जाता है?

(A) आइसलैंड (B) ऑस्ट्रेलिया (C) ब्राज़िल (D) नॉर्वे

Which country is known for its extensive use of geothermal energy due to its unique volcanic landscape ?

(A) Iceland (B) Australia (C) Brazil (D) Norway

41. शहरी क्षेत्रों से उपनगरों की ओर पलायन करने वाले आर्थिक रूप से सुरक्षित श्वेत लोगों को कहा जाता है :

(A) काली उड़ान (B) प्रवासन (C) अप्रवासन (D) सफेद उड़ान

The economically secure white people migrated from urban areas to suburbs is called :

(A) Black flight (B) Migration (C) Immigration (D) White flight

42. अफ्रीका में कितने देश मौजूद हैं?

How many countries are present in Africa ?

(A) 56 (B) 50 (C) 54 (D) 52

43. भारत में 'ऑपरेशन ग्रीन हंट' क्या है?

(A) कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान (B) नक्सल विरोधी अभियान

(C) मादक पदार्थों की तस्करी विरोधी अभियान (D) एंटी-पायरेसी ऑपरेशन

What is the 'Operation Green Hunt' in India ?

(A) Counter-insurgency operation in Kashmir (B) Anti-Naxalite operation

(C) Anti-drug trafficking operation (D) Anti-piracy operation

44. डब्ल्यूपीआई (WPI) का पूर्ण रूप है :

(A) होल प्राइस इंडेक्स (B) वाल प्राइस इंडेक्स

(C) होल प्रिंट इंडेक्स (D) होलसेल प्राइस इंडेक्स

The full form of WPI is :

(A) Whole Price Index (B) Wall Price Index

(C) Whole Print Index (D) Wholesale Price Index

45. वित्तीय या बैंकिंग प्रणाली को प्रत्येक वर्ष __________ करोड़ आधार मुद्रा के संदर्भ में अतिरिक्त बढ़ावा मिलेगा।

(A) 4-5 लाख (B) 1-2 लाख (C) 10-11 लाख (D) 7-8 लाख

The financial or the banking system will receive an additional boost in terms of __________ Crore of base money each year.

(A) 4-5 lakh (B) 1-2 lakh (C) 10-11 lakh (D) 7-8 lakh

46. कौन सी अंतर्राष्ट्रीय संधि बच्चों के अधिकारों पर केंद्रित है?
Which international treaty focuses on the rights of children ?
(A) ICERD (B) CRC (C) CEDAW (D) ICCPR

47. कौन सी कंपनी भारतीय गैस एक्सचेंज पर घरेलू गैस का व्यापार करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है?
(A) भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (GAIL) (B) भारत पेट्रोलियम
(C) तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (D) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
Which company has become the first company in India to trade domestic gas on Indian Gas Exchange ?
(A) Gas Authority of India Limited (GAIL) (B) Bharat Petroleum
(C) Oil and Natural Gas Corporation Ltd. (D) Indian Oil Corporation Limited

48. SAARC का मतलब क्या है?
(A) साउथ एशियाई एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन
(B) साउथ अफ्रीकन एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन
(C) साउथ-ईस्ट एशियाई एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन
(D) साउथ अमेरिकन एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन
SAARC stands for :
(A) South Asian Association for Regional Cooperation
(B) South African Association for Regional Cooperation
(C) Southeast Asian Association for Regional Cooperation
(D) South American Association for Regional Cooperation

49. समीक्षकों द्वारा प्रशंसित नेटफ्लिक्स OTT सीरीज़ - दिल्ली क्राइम का निर्देशन किसने किया?
(A) निखिल आडवाणी (B) हंसल मेहता
(C) रिची मेहता (D) विशाल भारद्वाज
Who directed the critically acclaimed Netflix OTT series - Delhi Crime ?
(A) Nikhil Advani (B) Hansal Mehta
(C) Richie Mehta (D) Vishal Bharadwaj

50. अर्थव्यवस्था की दृष्टि से ITC का पूर्ण रूप क्या है?
(A) इंटरनल टैक्स कामर्स (आंतरिक कर वाणिज्य)
(B) इनपुट टैक्स क्रेडिट
(C) इंटरनेशनल टैक्स कंपनी
(D) इंटरनल ट्रेड कामर्स (आंतरिक व्यापार वाणिज्य)
In terms of economy, what is the full form of ITC ?
(A) Internal Tax Commerce
(B) Input Tax Credit
(C) International Tax Company
(D) Internal Trade Commerce

51. भारत में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस किस महीने में मनाया जाता है?
(A) सितम्बर (B) नवंबर (C) दिसंबर (D) जून
National Milk Day is observed in India, in which month ?
(A) September (B) November (C) December (D) June

52. राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 किस कर नीति पर लागू होता है?

(A) सेवा कर (B) व्यावसायिक कर (C) प्रवेश कर (D) टोल कर

National Highways Act, 1956 is applied to which tax policy ?

(A) Service tax (B) Professional tax (C) Entry tax (D) Toll tax

53. गलीलियन उपग्रह (या चार चंद्रमा) किस ग्रह के हैं?

(A) नेपच्यून (B) शनि ग्रह (C) बृहस्पति (D) अरुण ग्रह

Galilean satellites (or the four moons) belong to which Planet ?

(A) Neptune (B) Saturn (C) Jupiter (D) Uranus

54. लोकसभा भंग करने की शक्ति किसके पास है?

(A) राष्ट्रपति (B) लोकसभा अध्यक्ष

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश (D) प्रधानमंत्री

Who has the power to dissolve Lok Sabha ?

(A) President (B) Speaker of Lok Sabha

(C) Chief Justice of India (D) Prime Minister

55. निम्नलिखित में से कौन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) की एक विशेषता है?

(A) प्रति वर्ष 100 दिन के वेतन रोजगार की गारंटी

(B) निजी क्षेत्र में रोजगार की पेशकश

(C) केवल कुशल श्रमिकों को लक्ष्य करना

(D) शहरी रोजगार उपलब्ध कराना

Which of the following is a feature of the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) ?

(A) Guaranteeing 100 days of wage employment per year

(B) Offering employment in the private sector

(C) Targeting only skilled labor

(D) Providing urban employment

56. ASEAN (आसियान) के संबंध में भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का क्या महत्व है?

(A) दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देती है

(B) व्यापार के अवसर कम करती है

(C) कूटनीतिक सहभागिता को सीमित करती है

(D) अलगाववादी नीतियों को बढ़ावा देती है

In relation to ASEAN, what is the importance of India's Act East policy ?

(A) Enhances economic, strategic, and cultural ties with Southeast Asian countries

(B) Reduces trade opportunities

(C) Limits diplomatic engagement

(D) Promotes isolationist policies

224127377

57. हाल ही में, किस मिशन को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए 2024 जॉन एल. 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार मिला ?
(A) चंद्रयान-3 मिशन
(B) मार्स ऑर्बिटर मिशन
(C) गगनयान मिशन
(D) चंद्रयान-2 मिशन
Recently, which mission received the 2024 John L. 'Jack' Swigert Jr. Award for space exploration ?
(A) Chandrayaan-3 Mission
(B) Mars Orbiter Mission
(C) Gaganyaan Mission
(D) Chandrayaan-2 Mission

58. DDoS का फुल फॉर्म __________ है।
(A) डिस्ट्रिब्यूटेड डेटा ऑफ़ सर्विस
(B) डायरेक्ट डिनायल ऑफ़ सर्विस
(C) डिटेल्ड डिनायल ऑफ़ सर्विस
(D) डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल ऑफ़ सर्विस
Full form of DDoS is __________.
(A) Distributed Data of Service
(B) Direct Denial of Service
(C) Detailed Denial of Service
(D) Distributed Denial of Service

59. 2014 में भारत में नोबेल शांति पुरस्कार किसने प्राप्त किया ?
(A) अमर्त्य सेन (B) कैलाश सत्यार्थी (C) मदर टेरेसा (D) नादिया मुराद
Who received the Nobel Peace Prize in 2014 in India ?
(A) Amartya Sen (B) Kailash Satyarthi (C) Mother Teresa (D) Nadia Murad

60. प्रसिद्ध पुस्तक 'द रिटर्न ऑफ द नेटिव' किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) बिल गेट्स (B) एम.एम. काया (C) लॉय डग्लस (D) थॉमस हार्डी
Famous book 'The Return of the Native' is written by whom ?
(A) Bill Gates (B) M.M. Kaya (C) Lioy Douglas (D) Thomas Hardy

61. एलोरा निम्नलिखित में से किस राज्य में एक पवित्र स्थल है ?
(A) राजस्थान (B) गुजरात (C) कर्नाटक (D) महाराष्ट्र
Ellora is a sacred site in which of the following state ?
(A) Rajasthan (B) Gujarat (C) Karnataka (D) Maharashtra

62. नीतिविज्ञानी कौन हैं ?
(A) वैज्ञानिक जो जंगली जानवरों के व्यवहार का अध्ययन करते हैं
(B) वैज्ञानिक जो मनुष्य के व्यवहार का अध्ययन करते हैं
(C) वैज्ञानिक जो केवल पौधों का अध्ययन करते हैं
(D) वैज्ञानिक जो लोकाचार का अध्ययन करते हैं
Who are ethologists ?
(A) Scientists who study the behaviour of wild animals
(B) Scientists who study the behaviour of humans
(C) Scientists who study only plants
(D) Scientists who study ethos

63. उत्तर प्रदेश से उत्पन्न कौन सा पारंपरिक नृत्य रूप अपनी नाटकीय कहानी कहने और जटिल फुटवर्क के लिए पहचाना जाता है ?
(A) भरतनाट्यम (B) कत्थक (C) छौ (D) कुचिपुड़ी
Which traditional dance form originating from Uttar Pradesh is recognized for its dramatic storytelling and intricate footwork ?
(A) Bharatnatyam (B) Kathak (C) Chhau (D) Kuchipudi

64. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) क्या है?
   (A) जैविक खेती प्रथाओं का समर्थन और बढ़ावा देता है और स्थायी कृषि विधियों को अपनाने के लिए किसानों को सब्सिडी प्रदान करता है।
   (B) पीएमएफबीवाई ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार करती है और कृषि समुदायों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती है।
   (C) यह कृषि बाजारों को नियंत्रित करता है और किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करता है।
   (D) कृषि क्षेत्र में सस्टेनेबल उत्पादन का समर्थन करता है।
   What is the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) ?
   (A) Supports and promotes organic farming practices and provides subsidies to farmers for the adoption of sustainable agricultural methods.
   (B) PMFBY improves rural infrastructure and provides employment opportunities to youth in agricultural communities.
   (C) It regulates agricultural markets and ensures fair prices for farmers' produce.
   (D) Supports sustainable production in the agriculture sector.

65. ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर "वेरीफाईड अकाउंट" क्या दर्शाता है?
   (A) खाता एक सार्वजनिक व्यक्ति या संगठन से संबंधित है और प्रमाणित है
   (B) खाते में अनुयायियों की संख्या अधिक है
   (C) खाते का उपयोग विज्ञापन के लिए किया जाता है
   (D) खाते का अक्सर उपयोग किया जाता है
   What does "verified account" signify on social media platforms like Twitter and Instagram ?
   (A) The account belongs to a public figure or organization and is authenticated
   (B) The account has a high number of followers
   (C) The account is used for advertising
   (D) The account is frequently used

66. मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा का कितनी भाषाओं में अनुवाद किया गया है?
   The Universal Declaration of Human Rights is translated into how many languages ?
   (A) 200 (B) 400 (C) 500 (D) 300

67. रियल किस देश की मुद्रा है?
   (A) ब्राजिल (B) अफगानिस्तान (C) भूटान (D) कनाडा
   Real is the currency of which country ?
   (A) Brazil (B) Afghanistan (C) Bhutan (D) Canada

68. भारत की लुक ईस्ट (पूर्व की ओर देखो) नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   (A) भारत के भीतर कृषि विकास को बढ़ावा देना।
   (B) यूरोपीय संघ के देशों के साथ संबंधों और व्यापार में सुधार करना।
   (C) पूर्वी एशिया के देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना।
   (D) दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ आर्थिक और सामरिक संबंधों को मजबूत करना।
   What is the main purpose of India's Look East Policy ?
   (A) Promote agricultural development within India.
   (B) Improve relations and trade with European Union countries.
   (C) Enhance cultural exchanges and people-to-people contacts with countries in East Asia.
   (D) Strengthening economic and strategic ties with Southeast Asia.

69. 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय भारत का वायसराय कौन थे ?

(A) लॉर्ड वेवेल (B) लॉर्ड माउंटबेटन

(C) लॉर्ड इरविन (D) लॉर्ड लिनलिथगो

Who was the Viceroy of India at the time of the Quit India Movement in 1942 ?

(A) Lord Wavell (B) Lord Mountbatten

(C) Lord Irwin (D) Lord Linlithgow

70. __________ में कंप्यूटर में इनपुट से पहले या उसके दौरान डेटा बदलना शामिल है।

(A) स्मिशिंग (B) डेटा दिद्दलिंग (C) कैटफिशिंग (D) ई-मेल बोम्बिंग

__________ involves changing data prior or during input into a computer.

(A) Smishing (B) Data diddling (C) Catfishing (D) E-mail bombing

71. ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और पेटेंट हैं :

(A) अमूर्त संपत्ति (B) वर्तमान संपत्ति (C) निवेश (D) स्थायी संपत्ति

Trademarks, copyrights and patents are :

(A) Intangible assets (B) Current assets (C) Investments (D) Fixed assets

72. कौन सा देश 2021 में बिटकॉइन को कानूनी मुद्रा के रूप में उपयोग करने वाला पहला देश बन गया ?

(A) जापान (B) अल साल्वाडोर (C) स्विट्ज़रलैंड (D) वेनेजुएला

Which country became the first to make use of Bitcoin as a legal tender in 2021 ?

(A) Japan (B) El Salvador (C) Switzerland (D) Venezuela

73. निम्नलिखित में से कौन सा देश प्रयोगशाला में नियंत्रित केंद्रीय संलयन प्राप्त करने वाला पहला देश था ?

(A) युनाइटेड किंगडम (B) सोवियत यूनियन

(C) फ्रान्स (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

Which of the following countries was the first to achieve controlled nuclear fusion in a laboratory setting ?

(A) United Kingdom (B) Soviet Union

(C) France (D) United States of America

74. किस दिन को धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(A) मार्च का दूसरा बुधवार (B) मार्च का पहला मंगलवार

(C) जनवरी का तीसरा शनिवार (D) मई का पहला दिन

Which day is observed as No Smoking Day ?

(A) Second Wednesday of March (B) First Tuesday of March

(C) Third Saturday of January (D) First Day of May

75. भारत का सबसे बड़ा संग्रहालय कौन सा है ?

(A) राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली

(B) छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय, मुंबई

(C) सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद

(D) भारतीय संग्रहालय, कोलकाता

Which is the largest museum in India ?

(A) National Museum, New Delhi

(B) Chhatrapati Shivaji Maharaj Vastu Sangrahalaya, Mumbai

(C) Salar Jung Museum, Hyderabad

(D) Indian Museum, Kolkata

76. एक निश्चित धनराशि पर 2 वर्ष के लिए 5% की दर से चक्रवृद्धि ब्याज 3280 रुपये है, तो मूल राशि कितनी है ?
The compound interest on a certain sum of money for 2 years at 5% is Rs. 3280. Then the sum is :
(A) Rs. 36000 (B) Rs. 32000 (C) Rs. 34000 (D) Rs. 30000

77. यदि 6 छात्रों का औसत भार 50 किग्रा है; 2 छात्रों का औसत भार 53 किग्रा है, और 2 छात्रों का औसत भार 55 किग्रा है, तो सभी छात्रों का औसत भार है :
(A) 52.5 किग्रा (B) 55 किग्रा (C) 51.6 किग्रा (D) 64 किग्रा
If the average weight of 6 students is 50 kg; that of 2 students is 53 kg; and that of 2 students is 55 kg; then the average weight of all students is :
(A) 52.5 kg (B) 55 kg (C) 51.6 kg (D) 64 kg

78. 39 व्यक्ति प्रतिदिन 10 घंटे काम करके 12 दिनों में एक सुरंग की मरम्मत कर सकते हैं, तो 30 व्यक्ति प्रतिदिन 6 घंटे कार्य करके कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे ?
(A) 26 दिन (B) 14 दिन (C) 15 दिन (D) 20 दिन
39 persons can repair a tunnel in 12 days working 10 hours a day. In how many days will 30 persons working 6 hours a day complete the work ?
(A) 26 days (B) 14 days (C) 15 days (D) 20 days

79. वह सबसे बड़ी संख्या जिससे 990 और 1330 को विभाजित करने पर क्रमशः 6 और 10 शेषफल प्राप्त होता है :
The greatest number which divides 990 and 1330, leaves remainder 6 and 10 respectively is :
(A) 35 (B) 15 (C) 20 (D) 24

80. 300 वस्तुओं का विक्रय मूल्य, 500 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तो हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिये।
S.P. of 300 articles is equal to C.P. of 500 articles. Find the loss or profit percentage.
(A) 72(2/3)% (B) 66(2/3)% (C) 24(2/3)% (D) 25(2/3)%

81. 30 संख्याओं का औसत 1.2 है। उनमें से पहले 20 का औसत 1.1 है और अगले 9 का औसत 1 है, तो अंतिम संख्या क्या है ?
The average of 30 numbers is 1.2. The average of the first 20 of them is 1.1 and that of the next 9 is 1. Then the last number is :
(A) 4.9 (B) 4 (C) 5 (D) 4.6

82. एक आदमी ने 80,000 रुपये में एक घोड़ा और एक गाड़ी खरीदी। उसने घोड़े को 10% के लाभ पर और गाड़ी को 5% की हानि पर बेच दिया। उसे अपने पूरे लेनदेन पर 1% का लाभ होता है, तो घोड़े की लागत मूल्य क्या थी ?
A man bought a horse and a carriage for Rs. 80,000. He sold the horse at a gain of 10% and the carriage at a loss of 5%. He gained 1% on his whole transaction. What is the cost price of the horse ?
(A) 32,000 (B) 18,000 (C) 20,000 (D) 30,000

83. चीनी की मात्रा का अनुपात जिसमें चीनी की कीमत 40 रुपये/किलोग्राम और 30 रुपये/किलोग्राम हैं। दोनों चीनी को किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को 32 रुपये/किलोग्राम पर बेचने पर कोई लाभ या हानि न हो ?
The ratio of quantities of sugar in which sugar costing Rs. 40/kg and Rs. 30/kg. In what ratio both sugar should be mixed so that there is no gain or loss when the mixture is sold at Rs. 32/kg ?
(A) 3:1 (B) 4:1 (C) 1:4 (D) 2:1

84. एक विद्यार्थी ने 6 प्रश्न-पत्रों की परीक्षा दी। प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए अधिकतम अंक एकसमान हैं। इन प्रश्न-पत्रों में उसके प्राप्तांक 5:6:7:8:9:10 के अनुपात में हैं। कुल मिलाकर उसने 60% अंक प्राप्त किए। उसने कितने प्रश्न-पत्रों में अधिकतम अंकों के 60% से कम अंक प्राप्त किए ?
A student appeared in 6 papers. The maximum marks are the same for each paper. His marks in this paper are in the proportion of 5:6:7:8:9:10. Overall he scored 60%. In how many papers he received less than 60% marks ?
(A) 3 (B) 4 (C) 5 (D) 2

85. एक साझेदारी व्यवसाय में, A कुल समय के 1/6 के लिए पूंजी का 1/6 भाग निवेश करता है, B कुल समय के 1/4 के लिए पूंजी का 1/4 भाग निवेश करता है और C शेष पूंजी पूरे समय के लिए निवेश करता है, तो 1940 रुपये के लाभ में B का हिस्सा कितना है?

In a partnership business, A invests $1/6^{th}$ of the capital for 1/6 of the total time, B invests $1/4^{th}$ of the capital for 1/4 of the total time and C, the rest of the capital for the whole time. Find the share of B, out of a profit of Rs. 1940.

(A) Rs. 120 (B) Rs. 160 (C) Rs. 180 (D) Rs. 200

86. 50% और 40% की क्रमिक छूट कितनी एकल छूट के बराबर है?

Successive discounts of 50% and 40% equal a single discount of :

(A) 20% (B) 70% (C) 48% (D) 60%

87. 12,000 रुपये पर 9 महीने के लिए 20% प्रति वर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज त्रैमासिक है :

The compound interest on Rs. 12,000 for 9 months at 20% per annum, interest being compound quarterly is :

(A) Rs. 2089.70 (B) Rs. 2136 (C) Rs. 1750 (D) Rs. 1891.50

88. A एक कार्य को 63 दिनों में कर सकता है और B, A की तुलना में 40% अधिक कुशल है, तो उसी कार्य को करने में B द्वारा लिए गए दिनों की संख्या क्या है?

(A) 60 दिन (B) 45 दिन (C) 49 दिन (D) 40 दिन

A can do a piece of work in 63 days and B is 40% more efficient than A. Then the number of days taken by B to do the same work is :

(A) 60 days (B) 45 days (C) 49 days (D) 40 days

89. एक ट्रेन 79.2 किमी/घंटा की गति से चल रही है, यह 7 सेकंड में एक खंभे को पार करती है, तो ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 126 मी (B) 154 मी (C) 150 मी (D) 118 मी

A train is running with a speed of 79.2 km/hr and it crosses a pole in 7 sec. Then find the length of the train.

(A) 126 m (B) 154 m (C) 150 m (D) 118 m

90. यदि विक्रय मूल्य का 7% क्रय मूल्य के 8% के बराबर और यदि विक्रय मूल्य का 9% क्रय मूल्य का 2 रुपये से 10% अधिक है, तो क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिये।

If 7% of S.P. is equal to 8% of C.P. and if 9% of S.P. is Rs. 2 more than 10% of C.P, then find C.P. and S.P. :

(A) 350, 400 (B) 700, 800 (C) 800, 950 (D) 350, 700

91. 3 कारों की गति का अनुपात 3:4:6 है, इन कारों द्वारा समान दूरी तय करने में लगने वाले समय का अनुपात क्या है?

The ratio of speed of 3 cars are 3:4:6. What is the ratio of time taken by these cars to cover the same distance ?

(A) 6:4:3 (B) 4:3:2 (C) 2:3:5 (D) 3:4:6

92. 0.7, 0.35,1.05 का म.स.प.(HCF) ज्ञात कीजिए।

Find the HCF of 0.7, 0.35,1.05.

(A) 0.7 (B) 0.35 (C) 1.005 (D) 0.07

93. यदि किसी वस्तु पर लागत मूल्य से 40% अधिक अंकित है। यदि वस्तु के अंकित मूल्य पर x% की छूट दी जाती है, तो 12% का अंतिम लाभ प्राप्त होता है। अब यदि एक नई वस्तु का क्रय मूल्य 2,400 रुपये है और x% लाभ वांछित है, तो उस नई वस्तु का विक्रय मूल्य क्या होना चाहिए ?

An article is marked 40% above the cost price. If a discount of x% is given on the marked price of the article, then a final profit of 12% is obtained. Now if C.P. of a new article is Rs. 2,400 and x% profit is desired then what should be the selling price of that new article ?

(A) Rs. 2,480 (B) Rs. 2,880 (C) Rs. 3,480 (D) Rs. 2,400

94. ठहराव को छोड़कर बस की गति 66 किमी/घंटा है और इसमें ठहराव के साथ बस की गति 55 किमी/घंटा है, तो ठहराव पर, बस कितने मिनट रुकती है ?

Excluding stoppage, the speed of bus is 66 km/hr and including stoppage it is 55 km/hr. How many minutes does the bus stop per min ?

(A) 19 (B) 20 (C) 10 (D) 15

95. यदि आप पूर्व की ओर मुँह करके खड़े हैं और 270 डिग्री वामावर्त घूम जाते हैं, तो अब आप किस दिशा की ओर मुँह करके खड़े हैं ?

(A) दक्षिण (B) उत्तर (C) पूर्व (D) पश्चिम

If you start facing East and turn 270 degrees anticlockwise, what direction are you facing now ?

(A) South (B) North (C) East (D) West

96. एक निश्चित कूट भाषा में, 'FLOWER' को 'RFOELW' के रूप में कूटित किया जाता है, तो 'ANIMAL' को इस प्रकार लिखा जाएगा :

In a certain code language, 'FLOWER' is coded as 'RFOELW', then 'ANIMAL' will be written as :

(A) LANIAM (B) LANJAM (C) LAJDNM (D) LAIANM

97. निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम बाकी से अलग है ?

Which of the following sequences is different from the rest ?

a. 1, 4, 9, 16 b. 1, 8, 27, 64

c. 2, 6, 12, 23 d. 1, 16, 81, 256

(A) 1, 8, 27, 64 (B) 2, 6, 12, 23 (C) 1, 16, 81, 256 (D) 1, 4, 9, 16

98. उस विकल्प को चुनिये जिसमें संख्याएँ उसी संबंध को साझा करती हैं जो दिए गए संख्या युग्म द्वारा साझा किया गया है।

Select the option in which the numbers share the same relationship as that shared by the given pair of numbers.

12 : 20

(A) 19 : 33 (B) 30 : 42 (C) 25 : 57 (D) 34 : 31

99. श्रृंखला में लुप्त संख्याएँ (A और B) ज्ञात करें और B – A का मान ज्ञात करें।

Find the missing numbers (A and B) in the series and find the value of B – A.

11, 22, 33, A, 55, 66, 77, B

(A) 55 (B) 88 (C) 33 (D) 44

**100.** उस आकृति को पहचानें जो पैटर्न को पूरा करती है।
Identify the figure that completes the pattern.




(X)

(A)  (B)  (C)  (D) 

**101.** निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता है। उस शब्द को पहचानें।
दिया गया शब्द : "MACHINES"
In the following question, you'll find four other words provided alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Can you identify that word ?
Given word : "MACHINES"
(A) SEAM (B) NAMES (C) CAMEL (D) MESH

**102.** निम्नलिखित अनुक्रम की बारीकी से जाँच करें और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दें।
R K 5 9 # B 2 % * E ? A 8 L $ I 4 S V 7 ! C 6 N @ H 1 3 & D
दी गयी श्रृंखला में अगला पद निर्धारित करें : 5#2, *?8, $4V, ______
Examine the following sequence closely and respond to the questions that follow.
R K 5 9 # B 2 % * E ? A 8 L $ I 4 S V 7 ! C 6 N @ H 1 3 & D
Determine the next term in the series : 5#2, *?8, $4V, ______
(A) H1& (B) L8$ (C) H6# (D) !6@

**103.** संबंधित शब्द खोजें :
त्रिकोण : बहुभुज :: वर्ग : ?
(A) वृत्त (B) आयत (C) समचतुर्भुज (D) चतुर्भुज
Find out the related word :
Triangle : Polygon :: Square : ?
(A) Circle (B) Rectangle (C) Rhombus (D) Quadrilateral

**104.** संबंधित शब्द का पता लगाएं।
शल्य चिकित्सक : छुरी :: बढ़ई : ?
(A) कैमेरा (B) ब्रश (C) आरी (D) संगणक
Find out the related word.
Surgeon : Scalpel :: Carpenter : ?
(A) Camera (B) Brush (C) Saw (D) Computer

**105.** यदि शब्द 'RECONCILE' के 4वें, 5वें, 7वें और 8वें अक्षरों से एक सार्थक चार अक्षरों का शब्द बनाया जा सकता है। उन अक्षरों का प्रयोग करके कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाये जा सकते हैं?
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) एक
If a meaningful four letters word can be formed from the 4th, 5th, 7th, and 8th letters of the word 'RECONCILE'. Using that letters how many meaningful words can be formed ?
(A) Two (B) Three (C) Four (D) One

**106.** 200 छात्रों के सर्वेक्षण के आधार पर, 140 छात्रों को कोल्ड ड्रिंक्स पसंद हैं, 120 छात्रों को मिल्कशेक पसंद है, और 80 छात्रों को दोनों पसंद हैं। कितने छात्रों को कम से कम एक पेय पसंद है ?

Based on a survey of 200 students, 140 students like cold drinks, 120 students like milkshakes, and 80 students like both. How many students like at least one of the drinks ?

(A) 200 (B) 140 (C) 180 (D) 75

**107.** दी गई श्रृंखला में लुप्त अक्षर समूह ज्ञात कीजिए :


Find the missing letter cluster in the given series :

BYHN, CWKM, EUNL, __________, LQTJ

(A) HSQK (B) HRPQ (C) GSPK (D) GRPK

**108.** निम्नलिखित में से कौन सा आरेख महिलाओं, माताओं और पिताओं के बीच संबंधों को सबसे अच्छे ढंग से दर्शाता है ?

Which of the following diagrams best represents the relationship between Women, Mothers and Fathers ?


(A)  (B)  (C)  (D) 

**109.** नीचे दिया गया बार ग्राफ दो लगातार वर्षों 2006 और 2007 के दौरान एक प्रकाशन कंपनी की छह शाखाओं से पुस्तकों की बिक्री (1000 की संख्या में) दर्शाता है।

The bar graph given below shows the sales of books (in 1000s) from six branches of a publishing company during two consecutive years 2006 and 2007.

2006 और 2007 में एक प्रकाशन कंपनी की छह शाखाओं – A1, A2, A3, A4, A5 और A6 से पुस्तकों की बिक्री (हजारों की संख्या में)

Sales of Books (in thousand numbers) from Six Branches - A1, A2, A3, A4, A5 and A6 of a publishing Company in 2006 and 2007.




दोनों वर्षों के लिए शाखा A2 की कुल बिक्री का दोनों वर्षों के लिए शाखा A4 की कुल बिक्री से अनुपात क्या है ?

What is the ratio of the total sales of branch A2 for both years to the total sales of branch A4 for both years ?

(A) 7:9 (B) 6:7 (C) 5:7 (D) 8:9

**110.** ''वे चोरी करने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए'', इस संदर्भ में, ''रंगे हाथों पकड़े गए'' का क्या तात्पर्य है ?

(A) रंगे हाथों से पाया गया

(B) अपराध करते हुए पकड़ा गया

(C) घायल अवस्था में पाया गया

(D) दयालुता का कार्य

In the context, "They were caught red-handed trying to steal", what does "caught red-handed" imply ?

(A) Found with red-hands

(B) Caught in the act of committing a crime

(C) Found injured

(D) Act of kindness

**111.** धारणाओं को पढ़ें और सर्वोत्तम निष्कर्षों/निष्कर्ष का चयन करें जो निश्चित रूप से धारणाओं का पालन/अनुसरण करता हो।

**धारणाएँ :** I. अजय श्रेयस के पिता हैं, सूरज श्रेयस के भाई हैं।

II. सीमा श्रेयस की माँ है।

**निष्कर्ष :** 1. सीमा अजय की पत्नी है।

2. सीमा सूरज की माँ है।

(A) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं (B) केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है

(C) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 अनुसरण करता है (D) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है

Read the assumptions and select the best conclusions/conclusion that follow/follows the assumptions definitely.

**Assumptions :** I. Ajay is the father of Shreyas, Suraj is the brother of Shreyas.

II. Seema is the mother of Shreyas.

**Conclusions :** 1. Seema is the wife of Ajay.

2. Seema is the mother of Suraj.

(A) Both the Conclusions follow (B) Only Conclusion 2 follows

(C) Neither Conclusion 1 nor 2 follows (D) Only Conclusion 1 follows



**112.** यदि $A\%B = A + B - 1$, तो 10% 2 क्या है ?

If $A\%B = A + B - 1$, what is 10% 2 ?

(A) 11 (B) 12 (C) 20 (D) 5

**113.** एक व्यक्ति 10 मीटर उत्तर की ओर चलता है, फिर 20 मीटर दाईं ओर चलता है, फिर 20 मीटर दाईं ओर चलता है, फिर दोबारा 10 मीटर दाईं ओर चलता है। वह शुरू से अब तक कितनी दूर चला गया है ?

(A) 28 मीटर (B) 51 मीटर (C) 25 मीटर (D) 45 मीटर

A person moves 10 meters north, then 20 meters to the right, then 20 meters to the right once more, then 10 meters to the right again. How far has he gone from the beginning ?

(A) 28 meters (B) 51 meters (C) 25 meters (D) 45 meters

**114.** कार्तिक की राय में उनका वजन 55 किलो से ज्यादा लेकिन 62 किलो से कम है। उनके पिता कार्तिक से सहमत नहीं हैं और उन्हें लगता है कि कार्तिक का वजन 50 किलो से ज्यादा लेकिन 60 किलो से कम है। उसकी बहन का विचार है कि, उसका वजन 58 किलो से अधिक नहीं हो सकता है। यदि सभी अपने अनुमान में सही हैं, तो कार्तिक के विभिन्न संभावित भारों का औसत क्या है ?

In Karthik's opinion, his weight is greater than 55 kg but less than 62 kg. His father does not agree with Karthik, and he thinks that Karthik's weight is greater than 50 kg but less than 60 kg. His sister's view is that his weight cannot be greater than 58 kg. If all are correct in their estimation, what is the average of the different possible weights of Karthik ?

(A) 57 (B) 60 (C) 59 (D) 58

**115.** यदि A और B दो समुच्चय इस प्रकार हैं कि, A में तत्वों की संख्या 20 है, B में तत्वों की संख्या 18 है और A और B दोनों में तत्वों की संख्या 10 है, तो $n(A \cup B)$ ज्ञात कीजिए।
If A and B are two sets such that number of elements in A is 20, number of elements in B is 18 and number of elements in both A and B is 10, find $n(A \cup B)$.
(A) 38 (B) 48 (C) 18 (D) 28

**116.** दी गई श्रृंखला में से बेमेल को ढूंढें :
Find the odd one from the given series :
4, 16, 36, 64, 100, 121, 196, 256
(A) 121 (B) 100 (C) 256 (D) 36

**117.** श्रृंखला 1, 6, 23, 76, ______ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series 1, 6, 23, 76, ______.
(A) 274 (B) 148 (C) 198 (D) 237

**118.** 48 पुरुष एक काम को 14 दिनों में कर सकते हैं। 12 दिनों में 5 पुरुषों द्वारा किए गए कार्य की मात्रा ज्ञात कीजिए।
48 men can do a work in 14 days. Find the amount of work done by 5 men in 12 days.
(A) 13.5% (B) 9.8% (C) 7.9% (D) 8.9%

**119.** यदि शब्द TLBSBEAKLA के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके एक खेल का नाम बनाया जाता है, तो खेल के नाम के दाएँ छोर से छठा अक्षर क्या होगा?
If the name of a game is formed by rearranging the letters of the word TLBSBEAKLA, then what will be the sixth letter from the right end of the name of the game ?
(A) T (B) B (C) S (D) E

**120.** लुप्त संख्या 1, 12, 144, ..., 20736 ज्ञात कीजिए।
Find the missing number 1, 12, 144, ..., 20736.
(A) 1278 (B) 1782 (C) 1287 (D) 1728

**121.** यदि RED को UHG के रूप में कोडित किया जाता है, तो BLUE को किस रूप में कोडित किया जाएगा?
If RED is coded as UHG, then BLUE will be coded as :
(A) EOXH (B) EOHU (C) EOHX (D) FMUH

**122.** लिहान पार्क तक पहुंचने के लिए अपने कार्यालय से दक्षिण की ओर 8 मीटर चलता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और ट्रैफिक सिग्नल तक पहुंचने के लिए 15 मीटर चलता है। फिर वह घड़ी की विपरीत दिशा में 90 डिग्री मुड़ता है और कॉफी शॉप तक पहुंचने के लिए 8 मीटर चलता है, वह बाईं ओर मुड़ता है और घर पहुंचने के लिए 8 मीटर चलता है। लिहान के घर के संबंध में कार्यालय किस दिशा में है?
(A) पश्चिम (B) दक्षिण (C) उत्तर (D) पूर्व
Lihaan walks 8 m towards South from his office to reach park. Then he takes left and walks 15 m to reach traffic signal. Then he turns 90 degree anti-clockwise direction and walks 8 m to reach coffee shop, he takes left and walks 8 m to reach home. Office is in which direction with respect to Lihaan's home ?
(A) West (B) South (C) North (D) East

**123.** एक दिशा सूचक यंत्र में, हर दिशा को मूल दिशा से, 135 डिग्री घुमाया जाता है। यदि घुमाव घड़ी की दिशा में लिया जाए तो दक्षिण-पश्चिम किस दिशा में होगा?
(A) उत्तर-पश्चिम (B) उत्तर-पूर्व (C) पूर्व (D) उत्तर
In a compass every direction is rotated to 135 degrees from the original direction. In which direction will South-West be if the rotation took towards clockwise direction ?
(A) North-West (B) North-East (C) East (D) North

**124.** एक निश्चित कोड में, 'N' को 'J', 'S' को 'D', 'R' को 'Q', 'O' को 'P', 'I' को 'K', 'M' को 'Z', 'A' को 'M' और 'G' को 'S' लिखा जाता है, तो उस कोड में 'ORGANISM' कैसे लिखा जाएगा ?

In a certain code, 'N' is written as 'J', 'S' as 'D', 'R' as 'Q', 'O' as 'P', 'I' as 'K', 'M' as 'Z', 'A' as 'M' and 'G' as 'S', then how will 'ORGANISM' be written in that code ?

(A) PQDZSMKJ (B) DZMSJPQK (C) PQMKJZDS (D) PQSMJKDZ

**125.** 3 बजे घड़ी की घंटे का और मिनट की सूइयों के बीच का कोण कितना होता है ?

What is the angle between the hour and minute hands of a clock at 3 o'clock ?

(A) 30° (B) 50° (C) 75° (D) 90°

**126.** यदि $5\sqrt{3}+\sqrt{243}=24.249$ है, तो $\sqrt{192}+15\sqrt{3}$ का मान क्या होगा ?

If $5\sqrt{3}+\sqrt{243}=24.249$, then what will be the value of $\sqrt{192}+15\sqrt{3}$ ?

(A) 38.84 (B) 37.84 (C) 40.84 (D) 39.84

**127.** एक पार्टी में एक आदमी, उसकी पत्नी, उसके चार बेटे और उनकी पत्नियाँ और प्रत्येक बेटे के परिवार में तीन बच्चे शामिल थे। पार्टी में कितने लोग थे ?

A party consisted of a man, his wife, his four sons and their wives and three children in each son's family. How many were there at the party ?

(A) 20 (B) 22 (C) 23 (D) 18

**128.** 6 व्यक्तियों U, V, W, X, Y और Z में से, यह ज्ञात है कि; U कम से कम 3 व्यक्तियों से लंबा है। W, V से लंबा है, जो ठीक 1 व्यक्ति से लंबा है। X, W से छोटा नहीं है। Y, U से लम्बा है और X, U से छोटा है। उनमें से चौथा सबसे लम्बा कौन है ?

Among 6 persons U, V, W, X, Y and Z, it is known that; U is taller than at-least 3 persons. W is taller than V, who is taller than exactly 1 person. X is not shorter than W. Y is taller than U and X is shorter than U. Who is 4th tallest among them ?

(A) U (B) W (C) X (D) V

**129.** भिन्न शब्द खोजें।

Find the dissimilar word.

R54, W68, U63, L36, Y75

(A) R54 (B) U63 (C) Y75 (D) W68

**130.** प्रश्न चिह्न के स्थान पर आने वाली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the number that comes in place of the question mark.

1 : 1 :: ? : 169

(A) 15 (B) 13 (C) 18 (D) 14


**131.** M, N, O, P और Q पांच मित्र हैं। उनमें से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है। O, P और N से लंबा है और केवल M और Q से छोटा है। केवल एक व्यक्ति N से छोटा है। सबसे छोटा कौन है ?



M, N, O, P and Q are five friends. Each of them has a different height. O is taller than P and N and shorter than M and Q only. Only one person is shorter than N. Who is the shortest ?

(A) M (B) O (C) N (D) P

**132.** आकृति में लुप्त स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति आएगी ?

Which of the following figures will come in the missing place in the below figure ?



(A)  (B)  (C)  (D) 

**133.** निम्नलिखित श्रृंखला में गलत संख्या की पहचान करें।

Identify the incorrect number in the following series.

12, 10, 6, 1, −8, −18

(A) 12 (B) 10 (C) −18 (D) 1

**134.** एक स्कूल स्पोर्ट्स क्लब में, 25 छात्रों ने टेबल टेनिस एकल टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला किया। यदि हर बार जब कोई छात्र मैच हारता है, तो वे टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं, तो विजेता का निर्धारण करने के लिए आवश्यक मैचों की न्यूनतम संख्या क्या है ?

In a school sports club, 25 students decided to participate in a table tennis singles tournament. Each time a student loses a match, they are eliminated from the tournament. What is the minimum number of matches required to determine the winner ?

(A) 25 (B) 26 (C) 27 (D) 24

**135.** क्रॉस-सेक्शन का आकार क्या है, जब एक कोन को उसकी स्लांट हाइट के समानांतर एक प्लेन द्वारा काटा जाता है ?

(A) एलिप्स (B) सर्कल (C) हाइपरबोला (D) पैराबोला

What is the shape of the cross-section, when a cone is cut by a plane parallel to its slant height ?

(A) Ellipse (B) Circle (C) Hyperbola (D) Parabola

**136.** विषम की खोज करें।

Find the odd one.

(A)  (B)  (C)  (D) 

**137.** वह विकल्प चुनें जो बाकियों से भिन्न है।


(A) उत्तरी अमेरिका (B) अर्जेंटीना (C) दक्षिण अमेरिका (D) यूरोप

Choose the option which is different from the rest.





(A) North America (B) Argentina (C) South America (D) Europe

2241212737

**138.** विकल्प A, B, C और D में से चित्र (X) का सही जल-प्रतिबिंब चुनिए।
Choose the correct water-image of figure (X) from alternatives A, B, C and D.



(X)

(A)  (B)  (C)  (D) 

**139.** सादृश्य पूरा करें :
वर्षा : बाढ़ :: सूखा : __________
(A) अकाल (B) तूफान (C) उपज (D) अत्यधिक


Complete the analogy :
Rain : Flood :: Drought : __________
(A) Famine (B) Storm (C) Harvest (D) Abundance

**140.** एक नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अलग हैं क्योंकि __________ ।
(A) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत परिमित हैं, जबकि गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अनंत हैं।
(B) गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत अक्षय ऊर्जा स्रोतों की तुलना में अधिक पर्यावरण के अनुकूल हैं।
(C) गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत सूर्य से प्राप्त होते हैं, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत पृथ्वी से प्राप्त होते हैं।
(D) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को समय के साथ स्वाभाविक रूप से फिर से भरा जा सकता है, जबकि गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत नहीं कर सकते।



A renewable and non-renewable energy source are different because __________.
(A) Renewable energy sources are finite, while non-renewable energy sources are infinite.
(B) Non-renewable energy sources are more environmentally friendly than renewable energy sources.
(C) Non-renewable energy sources are derived from the Sun, while renewable energy sources are derived from the Earth.
(D) Renewable energy sources can be replenished naturally over time, while non-renewable energy sources cannot.

**141.** शिक्षकों और छात्रों सहित 1280 व्यक्तियों का एक समूह एक सम्मेलन में भाग ले रहा है। यदि प्रत्येक 15 छात्रों के लिए, एक शिक्षक है, तो समूह में कितने शिक्षक हैं ?
A group of 1280 individuals, consisting of teachers and students, is attending a conference. For every 15 students, there is one teacher. How many teachers are in the group ?
(A) 75 (B) 80 (C) 85 (D) 70

**142.** ज्ञात कीजिए कि, आकृति (X) में दिए गए टुकड़ों से कौन-सी आकृति बनाई जा सकती है ?
Find out which of the figures can be formed from the pieces given in figure (X) ?



(X)

(A)  (B)  (C)  (D) 

**143.** कौन-सा शब्द समूह में नहीं है?

(A) गाजर (B) केला (C) सेब (D) चेरी

Which word does not belong in the group ?

(A) Carrot (B) Banana (C) Apple (D) Cherry

**144.** एक खेल में, प्रत्येक खिलाड़ी 100 अंकों से शुरू होता है। प्रत्येक दौर में, एक खिलाड़ी अंक हासिल या खो सकता है। 5 राउंड के बाद, ऐलिस के 130 अंक हैं, बॉब के 90 अंक हैं, चार्ली के 120 अंक हैं और डेविड के 110 अंक हैं। यदि डेविड ने पहले 3 राउंड में 30 अंक प्राप्त किए, तो अंतिम 2 राउंड में उसने कितने अंक गवाएँ?

In a game, each player starts with 100 points. In each round, a player can gain or lose points. After 5 rounds, Alice has 130 points, Bob has 90 points, Charlie has 120 points, and David has 110 points. If David gained 30 points in the first 3 rounds, how many points did he lose in the last 2 rounds ?

(A) 40 (B) 20 (C) 30 (D) 10


**145.** यदि A + B का अर्थ है कि A, B का भाई है; A × B का अर्थ है कि A, B का पिता है और A – B का अर्थ है कि A, B की बहन है, निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध दर्शाता है कि I, K की भतीजी है?

If A + B means A is the brother of B; A × B means A is the father of B and A – B means A is the sister of B, which of the following relations shows that I is the niece of K ?

(A) K+Y×I–Z (B) Z–I×Y+K (C) K×Y+I–Z (D) K+Y+Z–I

**146.** दिए गए चित्र में त्रिभुजों (ट्रायंगल्स) की संख्या ढूंढे।

Find out the number of triangles in the figure.




(A) 39 (B) 46 (C) 60 (D) 32

**147.** अगले की खोज करें।


Find the next one.



(A)  (B)  (C)  (D) 

**148.** विषम चुनें।

Find the odd one out.

(A)  (B)  (C)  (D) 

22412737

**149.** नदियाँ और धाराएँ समान कैसे हैं ?

(A) दोनों में नमकीन पानी होता है
(B) दोनों रेगिस्तान में पाए जाते हैं
(C) दोनों पानी के स्थिर निकाय हैं
(D) दोनों पहाड़ से नीचे की ओर बहते हैं

How are rivers and streams similar ?

(A) Both contain saltwater
(B) Both are found in deserts
(C) Both are static bodies of water
(D) Both flow downhill

**150.** कंप्यूटर शिक्षा केंद्र में संकाय सदस्यों के चयन के लिए शर्तों पर विचार करें :

a. 1 नवंबर, 2023 तक आयु 23 से 28 वर्ष के बीच।
b. कार्य अनुभव या प्रोग्रामिंग अनुभव।
c. कम से कम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्टग्रेजुएट डिग्री।
d. इंटरव्यू में 50 में से न्यूनतम 25 अंक।
e. यदि उम्मीदवार के पास PG नहीं हो तो मामला वरिष्ठ संकाय सदस्य को भेजा जाना चाहिए।
f. यदि उम्मीदवार इंटरव्यू में न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं करता है, तो मामले को संस्थान के प्रिंसिपल को भेजा जाना है।
g. यदि उम्मीदवार आयु सीमा को छोड़कर अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करता है, तो मामला केंद्र के निदेशक को भेज जाना है।

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर मनीष कुमार के लिए कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए ?

मनीष कुमार : M.Sc. इन कंप्यूटर साइंस 62% अंकों के साथ। जन्म तिथि : 10 जुलाई, 1990। कंप्यूटर शिक्षक के रूप मे 4 साल का अनुभव। इंटरव्यू में 40% अंक प्राप्त किए।

(A) उम्मीदवार को जूनियर संकाय सदस्य के रूप में चुना जाना है
(B) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(C) डेटा अपर्याप्त है
(D) मामला केंद्र के निदेशक को भेजा जाना है

Consider the conditions for selecting faculty members in a computer education centre :

a. Age between 23 to 28 years as of November 1, 2023.
b. Work experience or programming experience.
c. Postgraduate degree in computer application with at least 60% marks.
d. Minimum of 25 marks in the interview out of 50.
e. If the candidate does not have PG, the case is to be referred to the senior faculty member.
f. If the candidate does not score minimum marks in the interview, the case is to be referred to principal of the institute.
g. If the candidate satisfies all other qualifications except the age limit, the case is to be referred to the director of the centre.

Which course of action should be taken for Manish Kumar based on the following information?

Manish Kumar : M.Sc. in Computer Science with 62% marks. Date of birth : July 10, 1990. 4 years of experience as a computer teacher. Obtained 40% marks in the interview.

(A) Candidate is to be selected as a junior faculty member
(B) Candidate is not to be selected
(C) Data is inadequate
(D) Case is to be referred to the director of the centre

- o O o -